Regarding construction of Limited Height Subway (LHS) under Eastern Railway Audihar-Jaunpur rail line routeKm. 26/9 to 27/0

एडवोकेट प्रिया सरोज **(मछलीशहर) :** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे सदन में पहली बार बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं मछलीशहर की देवतुल्य जनता की तरफ से आपका आभार व्यक्त करती हूं ।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र मछलीशहर, जनपद जौनपुर, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत ईस्टर्न रेलवे औड़िहार-जौनपुर रेल के मार्ग के किलोमीटर 26/9 से 27/0 की ओर एलएचएस का निर्माण कराए जाने के की तरफ आकृष्ट कराना चाहूंगी । यहां स्थानीय लोगों द्वारा काफी समय से समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । स्कूल वाहन, गैस वाहन, एम्बुलेंस, शादी-विवाह में इसके कारण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है । एलएचएस के अभाव में लोगों को लम्बी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे क्षेत्रवासियों को बहुत सारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । एडीएम, जौनपुर के द्वारा भी अनुरोध किया जा चुका है । सीनियर डिविजनल इंजीनियर, वाराणसी स्थित ईस्टर्न रेलवे द्वारा एलएचएस के निर्माण हेतु 3 करोड़ 53 लाख का खर्च बताया गया है । बजट के अभाव में एलएचएस का निर्माण कार्य रुका हुआ है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करना चाहूंगी कि कथित रेल खंड पर होने वाले खर्च की स्वीकृति अपने स्तर से देने की कृपा करें । धन्यवाद ।